# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

# संभावित पेपर-13

**1. उदयन ने मगध की राजधानी को किस शहर से हटाकर पाटलिपुत्र में स्थानांतरित किया गया?**

(अ) तक्षशिला (ब) कौशांबी (स) सारनाथ (द) राजगीर

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** उदयन अपने पिता अजातशत्रु की हत्या करके मगध का शासक बना पुराणों एवं जैन ग्रंथों के अनुसार उदयन गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नगर की स्थापना की तथा उसे राजगीर के स्थान पर अपनी राजधानी बनायी यह जैन धर्मावलंबी शासक है

**2. सैलाना जीव अभ्यारण कौन से जिले में उपस्थित है?**

(अ) मंडला (ब) बालाघाट (स) रतलाम (द) शिवपुरी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** सैलाना खरमोर पक्षी अभयारण्य या सैलाना पक्षी अभ्यारण्य रतलाम जिले के सैलाना गांव के निकट स्थित है 13 वर्ग किलोमीटर में फैला सैलाना अभ्यारण्य वर्ष 1983 में स्थापित किया गया था

**3. बाबर ने भारत पर---- में पहला आक्रमण किया था?**

(अ) 1519 (ब) 1521 (स) 1544 (द) 1535

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** बाबर ने भारत पर सन 1519 में पहला आक्रमण यूसुफजई जाति के विरूद्ध किया था इस युद्ध में बाबर ने बाजौर और भेरा को अपने अधिकार में कर लिया जहीरद्दीन मोहम्मद बाबर जो बाबर के नाम से प्रसिद्ध हुआ एक मुगल शासक था जिसका मूल निवास मध्य प्रदेश एशियि था

**4. निम्नलिखित स्थानों में से कहां पर जीवमंडल रिजर्व है?**

(अ) कान्हा (ब) पेंच (स) अमरकंटक (द) बांधवगढ़

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** भारत सरकार ने देश भर में 18 बायोस्फीयर रिजर्व स्थापित किए हैं अचानकमार- अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व भारत में एक जीव आरक्षित क्षेत्र है

**5. आधुनिक मनु के रूप में कौन जाना जाता है?**

(अ) बी.आर.अंबेडकर (ब) जवाहरलाल नेहरू

(स) राजेंद्र प्रसाद (द) जी. वी. मावलकर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** डॉ.बी.आर. अंबेडकर को भारत का आधुनिक मनु कहा जाता है क्योंकि उन्होंने हिंदू कोड बिल का मसौदा तैयार किया था

**6. ऐतिहासिक नगर उज्जैन किस नदी के किनारे है?**

(अ) नर्मदा (ब) चंबल (स) क्षिप्रा (द) बेतवा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** ऐतिहासिक नगर उज्जैन क्षिप्रा नदी के किनारे बसा है यह एक अत्यंत प्राचीन शहर है यह विक्रमादित्य के राज्य की राजधानी थी इसे कालिदास की नगरी के नाम से भी जाना जाता है

**7. इनमें से किस भारतीय राज्य में कभी भी राष्ट्रपति शासन लागू नहीं हुआ?**

(अ) तमिलनाडु (ब) झारखंड (स) उत्तराखंड (द) छत्तीसगढ़

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को किसी राज्य में यह ज्ञात हो जाए कि राज्य में सांविधानिक तंत्र विफल हो गया है अथवा राज्य संघ की कार्यपालिका के किंही निर्देशों का अनुपालन करने में असमर्थ हो गया है तो वह वहां आपात स्थिति की घोषणा कर सकता है छत्तीसगढ़ राज्य में अभी तक एक बार भी राष्ट्रपति शासन लागू नहीं किया गया है

**8. पचमढ़ी किस जिले में स्थित है?**

(अ) छिंदवाड़ा (ब) बैतूल (स) होशंगाबाद (द) नरसिंहपुर

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** पचमढ़ी मध्य प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल तथा प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन है जो मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित है

**9. भारत के उपराष्ट्रपति को किसके द्वारा निर्वाचित किया जाता है?**

(अ) राज्यसभा के सदस्यों द्वारा

(ब) संसद के सदनों और विधानसभा के सदस्यों द्वारा

(स) लोकसभा के सदस्यों द्वारा

(द) संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्यों से मिलकर बनने वाले निर्वाचक मंडल द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होता है और ऐसे निर्वाचन में मतदान गुप्त होता है भारत का उप राष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होगा और अन्य कोई लाभ का पद धारण नहीं करेगा

**10. पचमढ़ी की प्रसिद्धि का कारण है?**

(अ) जागेश्वर नाथ मंदिर (ब) बड़ा अभ्यारण

(स) एक सुंदर पहाड़ी सैरगाह (द) औद्योगिक नगरी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** पचमढ़ी को पर्यटकों का स्वर्ग कहा जाता है यह एक सुंदर पहाड़ी सैरगाह सौंदर्य के कारण की पचमढ़ी को सतपुड़ा की रानी और मध्य प्रदेश का कश्मीर कहा जाता है यह प्रदेश की एकमात्र हिल स्टेशन भी है इसकी सर्वाधिक ऊंची चोटी धूपगढ़ है

**11. किस ग्रह का नाम किसी रोमन देवी के नाम पर रखा गया है?**

(अ) पृथ्वी (ब) शुक्र (स) शनि (द) बृहस्पति

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** शुक्र ग्रह सूर्य से दूसरा सबसे नजदीक का ग्रह है इस ग्रह का नाम प्रेम और सौंदर्य की रोमन देवी के नाम पर शुक्र रखा गया चंद्रमा के बाद यह रात्रि में सबसे चमकीला पिंड यह सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह है क्योंकि इसके वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा सबसे अधिक है इसे पृथ्वी की बहन भी कहते हैं

**12. देश में कहां सारंगी केंद्र स्थापित होगा?**

(अ) मध्य प्रदेश (ब) राजस्थान (स) महाराष्ट्र (द) उत्तर प्रदेश

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां सारंगी जैसे वाद्य यंत्र पर केंद्रित सारंगी उत्सव का आयोजन होता है इसे बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश में सारंगी केंद्र स्थापित किया जाएगा

**13. सोमगो झील भारत के किस राज्य में स्थित है?**

(अ) नागालैंड (ब) सिक्किम (स) अरुणाचल प्रदेश (द) गोवा

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** सोमगो झील या चंगू झील भारत के सिक्किम राज्य के पूर्वी सिक्किम जिले में 3780 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक झील है इस झील का पानी पास की हिमानियों से आता है

**14. मध्य प्रदेश में पहली बार निजी टेलीफोन सेवा कहां प्रारंभ की गई?**

(अ) भोपाल (ब) इंदौर (स) उज्जैन (द) ग्वालियर

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश की ही नहीं बल्कि भारत की पहली निजी टेलीफोन सेवा वर्ष 1998 में प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में प्रारंभ की गई

**15. पदुचेरी का लोक नृत्य कौनसा है?**

(अ) कापालिक (ब) सत्रिका (स) गराडी (द) करगा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** गराडी पदुचेरी का मशहूर लोक नृत्य है गराडी लोक नृत्य का उद्भव पदुचेरी में हुआ तथा इसका विकास हिंदू महाकाव्य रामायण के काल के आसपास माना जाता है इस नृत्य में पुरुष कलाकार वानर का रूप धारण कर विभिन्न हाव-भाव और मुद्राएं दर्शाते हैं

**16. विश्व पर्यावरण दिवस--- को मनाया जाता है?**

(अ) 5 अप्रैल (ब) 15 मई (स) 5 जून (द) 15 जुलाई

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था

**17. संगीत के क्षेत्र में पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले पहले रैपर का नाम---- है?**

(अ) जॉयनर लूकास (ब) केंड्रिक लैमर (स) जे.कोले (द) ऐमिनेम

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** कैंड्रिक लैमर एक अमेरिकी रैपर गीतकार और रिकॉर्ड निर्माता है संगीत के क्षेत्र में पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले पहले रैपर हैं पुलित्जर पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है

**18. प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता कौन थे?**

(अ) उमाशंकर जोशी (ब) अमृता प्रीतम

(स) जी शंकर कुरूप (द) आशापूर्णा देवी

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 ईस्वी में मलयालम लेखक जी जयशंकर कुरूप को प्रदान किया गया 1982 तक यह पुरस्कार किसी लेखक की एकल कृति पर प्रदान किया जाता था लेकिन बाद में यह लेखक के भारतीय साहित्य में संपूर्ण योगदान के लिए दिया जाने लगा

**19. केंद्रीय एगमार्क प्रयोगशाला भारत के किस शहर में स्थित है?**

(अ) मुंबई (ब) नई दिल्ली (स) नागपुर (द) चेन्नई

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** केंद्रीय एगमार्क प्रयोगशाला भारत के महाराष्ट्र राज्य के नागपुर शहर में स्थित है एगमार्क मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों से जुड़ा हुआ प्रमाण चिन्ह है जो खाद्य वस्तुओं की शुद्धता को सुनिश्चित करता है

**20. पाकिस्तानी फिल्म उद्योग---- के रूप में जाना जाता है?**

(अ) पॉलीवुड (ब) लॉलीवुड (स) कॉलीवुड (द) मॉलीवुड

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** पाकिस्तानी फिल्म उद्योग जो लाहौर में है इसे लॉलीवुड के रूप में जाना जाता है भारत का बॉलीवुड मुंबई में है भारत का डेट्राइट पीथमपुर को तथा भारत का पेरिस जयपुर शहर को कहा जाता है

**21. निम्न में से कौन सा पशु ऊतक प्रकार नहीं है?**

(अ) मेरिस्टमेटिक ऊतक (ब) त्वचीय ऊतक

(स) पेशी ऊतक (द) संयोजी ऊतक

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** जंतुओं के शरीर में उपकला ऊतक, संयोजी ऊतक, पेशी ऊतक आदि पाए जाते हैं मेरिस्टमेटिक ऊतक पौधों में पाया जाता है यह पादप ऊतक का एक प्रकार है

**22. यौन प्रजनन में माता-पिता का योगदान होता है?**

(अ) अपने जींस का आधा हिस्सा

(ब) अपने जीन का तीन चौथा हिस्सा

(स) सभी जीन

(द) अपने जीवन का एक चौथाई हिस्सा

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** यौन प्रजनन में माता-पिता का योगदान उनके जींस का आधा हिस्सा होता है लैंगिक प्रजनन द्वारा संतति के निर्माण में दो युग्मकों का संयोजन होता है जिनमें अगुणित गुणसूत्रों का एक समूह होता है

**23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कोशिकीय जीव का उदाहरण है?**

(अ) प्रोटोजोआ (ब) एन्थ्रोपॉड्स

(स) एकीनोडम्र्स (द) एनेलिड्स

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** प्रोटोजोआ एककोशिकीय यूकैरियोटिक जीव होते हैं जो प्रोटिस्टा के अंतर्गत आते हैं आर्थ्रोपोडा, इकानोडर्मेटा और एनीलिडा बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक होते हैं

**24. टेरिडोफाइड___ होते हैं?**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(अ) नॉनपेनेट्रेशन के बीज

(ब) बीजरहित संवहनी पौधे

(स) बीज संवहनी पौधे

(द) संततियों के बीज

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** टेरिडोफाइटा वर्ग के अंतर्गत पर्णहरिमयुक्त व अपुष्पोद्भिद् पौधे आते हैं अर्थात इस इस वर्ग के पौधे पुष्पहीन तथा बीजरहित संवहनी पौधे होते हैं इस वर्ग के पौधे प्रायः बहुकोशिकीय होते हैं तथा नाम एवं छायादार स्थानों में पाए जाते हैं उदाहरण- फर्न, लाइकोपोडियम आदि

**25. उस एंजाइम का नाम बताएं जिसका उपयोग प्रोटीन को पेप्टाइड में रूपांतरित करने के लिए किया जाता है?**

(अ) इंवर्टेज (ब) पेप्सिन (स) लैक्टोज (द) जाइमेज

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** पेप्सिन उन स्थितियों में भोजन के पाचन में मदद करता है जहां पाचन तंत्र भोजन को पचाने के लिए पर्याप्त एंजाइम का निर्माण नहीं करता है

**26. इनमें से कौन सा मानव रक्त में नहीं पाया जाता है?**

(अ) ल्यूकोसाइट (ब) कोंड्रोसाइट

(स) लिंफोसाइट (द) मोनोसाइट

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** रक्त एक शारीरिक तरल है जो रक्त वाहिनियों के अंदर विभिन्न अंगों में लगातार बहता रहता है मानव रक्त में ल्यूकोसाइट, लिंफोसाइट तथा मोनोसाइट पाया जाता है मानव रक्त में कोंड्रोसाइट नहीं पाया जाता है

**27. हम आलू के पौधे का कौन सा भाग खाते हैं?**

(अ) जड़ (ब) बीज (स) फूल (द) तना

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** आलू के पौधे का तना वाला भाग सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है आलू का उत्पादन सर्वाधिक चीन में होता है

**28. निम्नलिखित में से कौन सा फसली पौधों के लिए प्रयुक्त सूक्ष्म पोषक तत्व है?**

(अ) पोटैशियम (ब) कैल्शियम (स) मैग्नीशियम (द) आयरन

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** पौधों के विकास के लिए 17 पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है इनमें से कुछ अधिक तो कुछ सूक्ष्म मात्रा में प्रयुक्त होते हैं आयरन एक सूक्ष्म पोषक तत्व है

**29. विद्युतीय तटस्थ और कमजोर सूक्ष्माणु पर परस्पर प्रभाव है?**

(अ) न्यूट्रिनों (ब) पॉजिट्रॉन (स) इलेक्ट्रॉन (द) प्रोटोन

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** न्यूट्रिनों विद्युतीय तटस्थ और कमजोर सुक्ष्माणु पर परस्पर प्रभाव है न्यूट्रिनों एक नया कण है जिसका सर्वप्रथम आविष्कार सन 1930 ईस्वी में पाउली ने किया था

**30. कैथोड किरण प्रयोग पहली बार किसके द्वारा किया गया था?**

(अ) अर्नेस्ट रदरफोर्ड (ब) जॉन डाल्टन

(स) जे.जे. थॉमसन (द) गोल्डस्टीन

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** पहली बार कैथोड किरण प्रयोग जे.जे. थॉमसन द्वारा किया गया था

**31. किसी तत्व का परमाणु क्रमांक, नाभिक में मौजूद--- की संख्या के बराबर होता है?**

(अ) इलेक्ट्रॉनों और प्रोटॉनों (ब) न्यूट्रॉनों

(स) इलेक्ट्रॉनों (द) प्रोटॉनों

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** किसी तत्व का परमाणु क्रमांक, नाभिक में मौजूद प्रोटॉनों की संख्या के बराबर होता है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**32. यह अवधारणा की एक तत्व के सभी परमाणु समान होते हैं को----- की खोज से गलत सिद्ध किया गया था?**

(अ) अपरूपता (ब) समस्थानिक

(स) रेडियोधर्मिता (द) समभारिक

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** यह अवधारणा की एक तत्व के सभी परमाणु समान होते हैं को समस्थानिक की खोज से गलत सिद्ध किया गया था समस्थानिक किसी तत्व के वे परमाणु होते हैं जिनकी परमाणु संख्या बराबर होती हैं परंतु परमाणु द्रव्यमान संख्या भिन्न-भिन्न होती है

**33. वह स्थिति जिसमें आण्विक आकर्षण अत्यधिक दृढ़ होती है?**

(अ) ठोस (ब) द्रव (स) गैस (द) वाष्प

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** वह स्थिति जिसमें आण्विक आकर्षण अत्यधिक दृढ़ होती है उसे पदार्थ की ठोस अवस्था कहते हैं ठोस में अणु बहुत पास- पास होते हैं इसमें आकर्षण बहुत अधिक होता है

**34. ओम का नियम___ और__ के बीच संबंध का वर्णन करता है?**

(अ) विद्युत धारा, विद्युत आवेश (ब) विद्युत आवेश, समय

(स) विभांतर, विद्युत धारा (द) विभांतर, विद्युत आवेश

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** ओम का नियम विभांतर और विद्युत धारा के बीच संबंध का वर्णन करता है ओम के नियमानुसार नियत ताप पर एक चालक से गुजरने वाली धारा चालक पर विभांतर के सीधे समानुपाती होती है

**35. इलेक्ट्रिक सर्किट में धारा नियंत्रक का प्रयोग प्राय:__को परिवर्तित करने के लिए किया जाता है?**

(अ) तापमान (ब) प्रतिरोध (स) विद्युत धारा (द) विभांतर

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** इलेक्ट्रिकल सर्किट में धारा नियंत्रक का प्रयोग प्राय: प्रतिरोध को परिवर्तित करने के लिए किया जाता है किसी चालक में विद्युत धारा बहने के लिए यह आवश्यक है कि चालक के दोनों सिरों के बीच कुछ विभांतर हो जिसे वोल्ट में मापा जाता है विद्युत धारा को मापने की इकाई एंपियर है










YouTube
Tez
Education
सब्सक्राइब करें